E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
**CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR**
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./C.O.E/1097/2023 दिनांक : 21/08/2023

## अधिसूचना

आदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं परिसर स्थित संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों (एल.एल.बी., बी.ए.एल.एल.बी., बी.पी.एड., एम.पी.एड., बी.एड., एम.एड तथा मेडिकल पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी विगत वर्षो में सम्पन्न हुई प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा किसी कारणवश छूट गई थी अथवा वे अनुपस्थित हो गये थे ऐसे अर्ह छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा एक अवसर प्रदान करते हुए पुनः प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः ऐसे अर्ह छात्र/छात्रा निर्धारित शुल्क रूपये 500/– (पॉच सौ रूपये मात्र) प्रति परीक्षार्थी जमा करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु निम्नानुसार आवेदन करना सुनिश्चित करें:–

| विवरण | आवेदन की अन्तिम तिथि |
|---|---|
| वर्ष 2022 की छूटी हुई प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु | दिनांक 23.08.2023 से 30.08.2023 तक |
| वर्ष 2021 की छूटी हुई प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु | दिनांक 01.09.2023 से 08.09.2023 तक |
| वर्ष 2020 की छूटी हुई प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा हेतु | दिनांक 11.09.2023 से 18.09.2023 तक |

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, मीडिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त अधिसूचना को सम्मनित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
3. पी.एम.यू. सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने तथा विश्वविद्यालय के होम पेज पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
5. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
6. अभिलेख खण्ड।

(अजय कुमार गौतम)
उप कुलसचिव (परीक्षा)